# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/59/16 – 55 ,राँची/दिनांकः 02/06/2017

**नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2017 (Nursing Entrance Competitive Examination – 2017) के आयोजन से संबंधित सूचना**

..............................

स्वास्थ्य निदेशालय, झारखण्ड सरकार के पत्रांक सं0सं0–/10/नर्सिंग 10–06/2015 – 129 (10) दिनांक 25.05.2017 के आलोक में सरकारी ए॰एन॰एम॰ ट्रेनिंग सेन्टरों एवं जी॰एन॰एम॰ स्कूलों में क्रमशः ए॰एन॰एम॰ एवं जी॰एन॰एम॰ पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक वर्ष 2017–18 में प्रवेश हेतु वैसे चिकित्सकीय उपयुक्त महिला आवेदकों से, जो भारत के नागरिक होने के साथ–साथ झारखण्ड के स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं (संदर्भः कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक 7/आ0नीति (सर्वदलीय बैठक) 27/2002 (खण्ड) का॰ – 3198, दिनांक 18.04.2016) और निम्न अहर्त्ता धारित करते हैं, विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

**2.** प्रशिक्षण की अवधिः–

(क) ए॰एन॰एम॰ पाठ्यक्रमः– 2 वर्ष

(ख) जी॰एन॰एम॰ पाठ्यक्रमः– 3 वर्ष 6 माह

**3.** शैक्षणिक योग्यताः–

## A. Eligibility Criteria for ANM :

[i] The minimum age for admission shall be 17 years on or before 31st December of the year in which admission sought.

[ii] The Maximum age for admission shall be 35 years.

[iii] The minimum educational requirement shall be 10+2 in Arts (Mathematics, Physics, Chemistry, Biology, Biotechnology, Economics, Political Science, History, Geography, Business Studies, Accountancy, Home Science, Sociology, Psychology, and Philosophy) and English Core/English Elective OR Science OR Health care Science - Vocational stream ONLY passing out from recognized Board.

[iv] Student shall be medically fit.

[v] Student Qualified in 10+2 Arts or Science examination conducted by National Institute of Open School.

## B. Eligibility Criteria for GNM :

[i] Minimum and Maximum age for admission will be 17 and 35 years. There is no age bar for ANM/LHV.

[ii] Minimum education:

a. 10+2 Class passed preferably Science (PCB) & English with aggregate of 40% marks.

b. 10+2 in Arts (Mathematics, Biotechnology, Economics, Political Science, History, Geography, Business Studies, Accountancy, Home Science, Sociology, Psychology, and

Philosophy) and English Core/English Elective OR Science OR Health care Science - Vocational stream ONLY passing out from recognized Board under AISSCE/CBSE/ICSE/SSCE/HSCE or other equivalent Board with 40% marks .

c. 10+2 vocational ANM under CBSE Board or other equivalent board from the school and recognized by Indian Nursing Council with 40% marks.

d. Registered as ANM with State Nursing Registration Council.

[iii] Student shall be medically fit.

[iv] Students qualified in 10+2 Arts or Science examination of Health care Science – Vocational stream ONLY conducted by national Institute of Open School with 40% marks.

**4. आवेदन पत्र की उपलब्धताः–** आवेदक पर्षद के अधिकृत वेबसाईट http http://jceceb.jharkhand.gov.in या वेबसाईट http://jceceb.nic.in के Homepage पर "Online Application Form Submission for Admission in Nursing 2017" बटन पर Click कर, दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए **दिनांक 06.06.2017 से दिनांक 30.06.2017 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र भर सकते है।** ऑनलाईन आवेदन करते समय बारहवीं (12वीं) कक्षा का अंक पत्र तथा स्कैन किया हुआ पासपोर्ट साईज का अपना रंगीन फोटोग्राफ, जिसमें चेहरे के साथ–साथ दोनों कान स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए तथा संपादित (Edited) नहीं होना चाहिए; हस्ताक्षर एवं बाँयें हाथ के अंगूठे का निशान तैयार रखें। ऑनलाईन आवेदन करने पर उसका प्रिंट आउट पर्षद कार्यालय को नहीं भेजना है।

**5. परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा की तिथिः–** यह परीक्षा राँची शहर स्थित विभिन्न निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 15.07.2017 को आयोजित की जायेगी। परीक्षा केन्द्र एवं अन्य संबंधित सूचना, ऑनलाईन प्रवेश पत्र (Online Admit Card) में अंकित रहेगी। आवेदकों को पर्षद के वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड (Download) की सुविधा परीक्षा की तिथि के चार (4) दिन पूर्व उपलब्ध करायी जायेगी।

**6. परीक्षा शुल्कः–** आवेदकों को परीक्षा शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking के द्वारा ₹ 450 जमा करना अनिवार्य होगा, जो अप्रतिदेय (Non refundable) होगा।

**7. परीक्षा का स्तर एवं प्रकारः–** प्रतियोगिता परीक्षा वस्तुनिष्ठ (Objective) तथा 150 अंकों की होगी। अँग्रेजी इण्टरमीडिएट स्तरीय 30 अंकों की एवं भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान तथा गणित मैट्रिक स्तरीय, प्रत्येक 30 अंकों की होगी। सभी विषयों (अँग्रेजी को छोड़कर) के प्रश्न पत्र अँग्रेजी एवं हिन्दी में उपलब्ध रहेंगे।

**8. मेधा सूचीः–** मेधा सूची का निर्माण विभिन्न विषयों में प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा। दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में जीव विज्ञान में अधिक अंक प्राप्त करने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी, जीव विज्ञान में भी समान अंक रहने पर रसायन विज्ञान में अधिक अंक वाले को प्राथमिकता दिया जायेगा, जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान में समान अंक रहने की स्थिति में भौतिक विज्ञान में अधिक अंक पाने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान में समान अंक रहने की स्थिति में अंग्रेजी में अधिक अंक पाने वाले को प्राथमिकता दिया जायेगा। उसके बाद भी समान अंक रहने पर पहले जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी। यह भी स्थिति समान होने पर उनके नाम के प्रथम अंग्रेजी अक्षरों के वर्णात्मक क्रम के अनुसार प्राथमिकता दी जाएगी।

**9. आरक्षणः–** राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन आरक्षण नीति प्रभावी होगा।

अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची – 1) तथा पिछड़ा वर्ग (अनुसूची – 2) कोटि के अभ्यर्थियों को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक 7/जाति–19–11/2008 का॰–10007 दिनांक 29.08.2012 के आलोक में "क्रीमी लेयर" अवधारणा के समावेश संबंधित प्रपत्र में ही जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची – 1) तथा पिछड़ा वर्ग (अनुसूची – 2) कोटि के अभ्यर्थी जो क्रीमी लेयर के अन्तर्गत नहीं आते हैं, उन्हें ही आरक्षण का लाभ देय होगा।

**10.** अन्य आवश्यक सूचनाएँ:–

- ए॰एन॰एम॰ एवं जी॰एन॰एम॰ पाठ्यक्रमों की संस्थानवार/कोटिवार सीटों की विस्तृत विवरणी पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Downloads कॉलम में देखा जा सकता है।
- अभ्यर्थियों को शैक्षणिक एवं अन्य अहर्ताओं के आलोक में साक्षात्कार के समय ए॰एन॰एम॰ एवं जी॰एन॰एम॰ दोनों पाठ्यक्रमों में से एक पाठ्यक्रम का चयन करने का विकल्प दिया जायेगा।
- साक्षात्कार एवं सीटों की संस्थानवार/कोटिवार विवरणी संबंधी अद्यतन सूचनाओं के लिए पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के सम्पर्क में बने रहें।
- प्रेस में मुद्रण की अशुद्धियों के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।

ह0/–
**(दिलीप कुमार झा,** भा॰प्र॰से॰)
परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/59/16 – 437 ,राँची/दिनांकः 02/06/2017

प्रतिलिपिः–

**निदेशक,** सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि दिनांक 03/05/2017 को उक्त विज्ञापन, झारखण्ड के सभी दैनिक समाचार पत्रों के सभी संस्करणों में प्रकाशित करना सुनिश्चित किया जाय।

02/06/17

**परीक्षा नियंत्रक**